महिला वोटरों का आंकड़ा बढ़ाने को होंगे सास-बहू सम्मेलन

मतदाता सूची में जुड़ेंगे नाम, १७ एवं २४ अक्टूबर को बूथों पर चलेगा विशेष अभियान

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-२०२६ के तहत मतदाता सूची से छूटे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए निर्वाचन विभाग दोबारा अभियान चलायेगा। युवा मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए कालेजों में शिविर जगाये जायेंगे, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए अगले डेढ़ महीने तक सास-बहू सम्मेलन आयोजित होंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में ये निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृतक (एएसडी) श्रेणी के



मतदाताओं की सूची का दोबारा सत्यापन कराया जायेगा। एसआईआर के दौरान नोटिस जारी किये गये मतदाताओं के मामलों की भी समीक्षा होगी। उन्होंने सभी आठ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को अपने सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। महिला मतदाताओं का जेंडर रेश्यो ९०० तक पहुंचाने के लिए आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। कम जेंडर रेश्यो वाले बूथों पर विशेष अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि १७ और २४ अक्टूबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये जायेंगे। इन दिनों बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सूची और पर्याप्त संख्या में फार्म-६, ७ एवं ८ के साथ अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर मौजूद रहेंगे। सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-६, नाम हटाने के लिए फार्म-७ और संशोधन अथवा पता बदलने के लिए फार्म-८ भरा जा सकता है। मतदाता आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से छूटे पात्र मतदाताओं को आवेदन में सहयोग देने की अपील की। बैठक में एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार सहित सभी ईआरओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से महिला दरोगा को मिली राहत, पुलिसकर्मियों पर एफआईआर का आदेश निरस्त

चोलापुर थाना क्षेत्र की मुर्दहा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संध्या जायसवाल और अन्य पुलिसकर्मियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी कानूनी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने वाराणसी की विशेष एससी/एसटी अदालत के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर जांच कराने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार, १३ अक्टूबर २०२६ को न्यायमूर्ति संतोष राय की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत के आदेश को निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप नहीं माना। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के आधिकारिक कर्तव्यों से जुड़े मामलों में जांच का आदेश देने से पहले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है। अदालत के अनुसार, बीएनएसएस की धारा १७५(३) और १७५(४) के तहत निर्धारित प्रावधानों पर उचित विचार किए बिना पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराने का आदेश नहीं दिया जा सकता। मामले में पुलिस रिपोर्ट, उपलब्ध साक्ष्यों और संबंधित अधिकारियों का पक्ष जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर पर्याप्त विचार नहीं किये जाने की बात सामने आई। चोलापुर थाना क्षेत्र के दसनीपुर गांव की निवासी सुशीला देवी ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ अदालत में शिकायत दाखिल की थी। उनका आरोप था कि २२ जुलाई २०२६ की रात पुलिस टीम उनके घर में जबरन घुसी। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और उनके बेटे रोहित कुमार गौतम को पुलिस अपने साथ ले गयी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि उनके बेटे को २४ घंटे से अधिक समय तक अवैध हिरासत में रखा गया।

एक नजर इधर भी

महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिये निकाला पैदल मार्च

पिंडरा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को फूलपुर पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने शिव कुँवरि बालिका इंटर कालेज के छात्राओं के साथ पिंडरा में पैदल मार्च कर नारी सशक्तिकरण जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिला कल्याण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाइन के नम्बरों की जानकारी दी गयी। किसी परिस्थितियों में पुलिस के मदद लेने की अपील की गयी। प्रभारी निरीक्षक फूलपुर अजय राज वर्मा के निर्देशन में उपनिरीक्षक गोविंद यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, महिला आरक्षी इंद्रकला, नमिता सिंह, अनिता, सिम्पी मिश्रा, अंजलि सोनकर और काजल भारतीय सहित मिशन शक्ति टीम ने अभियान में भाग लिया।

कुवांरी कन्याओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, सेना संग किया पौधरोपण

पवित्र शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मंगलवार को चंद्रा आशापुर स्थित हैप्पी मोंटेसरी स्कूल में १३७ सीईटीएफ ३९ गंगा टास्क फोर्स व नमामि गंगे गंगा विचार मंच की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण किया गया। गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार देवेंद्र बसनेट व जिला संयोजक शिवम अग्रहरि के नेतृत्व में विद्यालय में छोटे बच्चों के बीच पौधों का वितरण किया गया। साथ ही घर पर गमलों में पौधे लगाकर संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। कुंवारी कन्याओं ने सेना के जवानों संग विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य शिखा टंडन, चारुशिला सिन्हा, जय विश्वकर्मा, सुरेंद्र आदि सहित शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

प्रसन्ना प्रधान होंगे वाराणसी एयरपोर्ट के नये निदेशक

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए संशोधित प्रशासनिक आदेश के तहत लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, वाराणसी के प्रबंधन में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये हैं। पूर्व में जारी किये गये आदेशों को संशोधित करते हुए यह नई सूची जारी की गयी है। पूर्व के प्रस्तावित आदेशों में बदलाव करते हुए अब प्रसन्ना प्रधान को वाराणसी



एयरपोर्ट का नया एयरपोर्ट निदेशक बनाया गया है। इससे पहले इन्हें पुणे का एयरपोर्ट निदेशक बनाये जाने की चर्चा थी। वाराणसी एयरपोर्ट पर सेवाएं दे रहे पुनीत गुप्ता को अब मुख्यालय में जीएम (आरसीएस) के पद पर तैनात किया गया है। पूर्व के आदेश में इन्हें भुवनेश्वर का एयरपोर्ट निदेशक बनाया जाना था। संतोष ढोके पुणे में यथावत- पूर्व के आदेश को निरस्त करते हुए संतोष ढोके को पुणे का ही एयरपोर्ट निदेशक बनाए रखा गया है, जबकि पहले उन्हें वाराणसी एयरपोर्ट का निदेशक बनाया गया था।

काशी विद्यापीठ : बी.एड. के छात्रों का आनलाइन आवेदन पत्र १४ से

काशी विद्यापीठ में कुलपति प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर के सत्र २०२६-२७ में बी.एड. पाठ्यक्रम में यूपी बी.एड. जेईई २०२६ (UP B.Ed. JEE २०२६) से पंजीकृत छात्रों का समर्थ पोर्टल पर स्थानान्तरण कर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने तिथि १४ से २० तक निर्धारित की गई है।

नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की सदस्यता मिलने पर डॉक्टर बी राम हुए सम्मानित

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के द्रव्यगुण विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर बी राम को नेशनल एकेडमी आफ मेडिकल साइंसेज, नयी दिल्ली का सदस्य चुने जाने पर महामना छात्र-युवा संघर्ष समिति की ओर से सम्मानित किया गया। एसआरएम इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी, चेन्नई में आयोजित विशेष समारोह में चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सदस्यता प्रदान की गयी। बीएचयू आगमन पर महामना छात्र-युवा संघर्ष समिति के संयोजक सौरभ मौर्या के नेतृत्व में युवाओं ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर सौरभ मौर्या ने कहा कि डाक्टर बी राम ने अपनी लगन, योग्यता और उल्लेखनीय कार्यों के माध्यम से विश्व पटल पर विश्वविद्यालय और भारत का सम्मान बढ़ाया है। सम्मान समारोह में समिति के संरक्षक अमित राय, संयोजक सौरभ मौर्या, आदित्य मौर्या, मंगल मौर्या, अनिल कन्नौजिया, देवी प्रसाद शर्मा, आयुष शर्मा, ज्ञान चौबे और चंदन कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आधा दर्जन गिरफ्तार

कमिश्नरेट वाराणसी में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सिगरा पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर लैपटॉप, कॉपर ट्यूब पाइप, केबल तार और नकदी चोरी करने के मामले में आधा दर्जन आरोपियों को निगम एनईआर ग्राउंड के पास स्थित एक पुराने खंडहर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान, १२,०३० रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल किया गया लाल रंग का ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, सिगरा थाना क्षेत्र के फातमान रोड स्थित एसएन रेफ्रिजरेशन दुकान के मालिक ने ११ अक्तूबर को तहरीर देकर बताया था कि १० अक्तूबर को अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर एक लेनोवो लैपटॉप, कॉपर पाइप, वाई-फाई/डीवीआर उपकरण और कैश काउंटर का ताला तोड़कर करीब २५ से ३० हजार रुपये नकद चोरी कर लिए थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सिगरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र, लल्लापुरा चौकी प्रभारी प्रीति कुमारी, नगर निगम चौकी प्रभारी शिवम, उपनिरीक्षक अरुण प्रजापति, नारायण यादव समेत थाना सिगरा के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पेट्रोल पंप पर युवक को बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा, मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। स्थानीय बी पी पेट्रोल पंप पर शुक्रवार दोपहर बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने प्रकाश मिश्र को बेल्ट, लात-घूंसों और थप्पड़ों से पीटकर घायल कर दिया। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिर्जामुराद के अषाढ़ गांव निवासी प्रकाश मिश्र के अनुसार, नौ अक्तूबर को दो बाइकों से पहुंचे तीन युवकों ने उनका पीछा कर गाली-गलौज की। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। इनमें एक युवक ने काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ड्रेस पहन रखी थी। जबकि दूसरे के बाएं हाथ में पट्टी बंधी थी। पीड़ित ने पड़ोसियों से पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए हमले में उनकी भूमिका की आशंका जतायी है। उन्होंने पेट्रोल पंप और आसपास के सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान कर करने में जुटे है। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जंसा में दो पशु तस्कर गिरफ्तार

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के राखी नेवादा स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास गोवंशीय पशुओं से लदी पिकअप पलटने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिकअप में क्रूरतापूर्वक बांधकर लादे गये आठ गोवंशीय पशु बरामद हुए थे। मामले में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही थी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शाहजहां अंसारी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि उसका साथी प्रदीप पाल घटना के बाद फरार हो गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये नेवादा, थाना जंसा निवासी कमलेश विश्वकर्मा और इन्दरपुर, बड़ागांव के सत्यम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आसपास के गांवों से गोवंशीय पशुओं को एकत्र कर राखी नेवादा की यादव बस्ती के पास नलकूप के निकट पेड़ों और झाड़ियों में बांधकर रखते थे। आरोप है कि वे शाहजहां अंसारी और प्रदीप पाल को पशुओं को पिकअप में लादकर ले जाने में सहयोग करते थे। साथ ही, पशुओं को वाहन में लदवाने और घटना के दौरान आसपास के रास्तों पर निगरानी रखने की बात भी सामने आयी है।

खाद-बीज में गड़बड़ी मिली तो खैर नहीं, स्टाक होगा सीज

रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। संदिग्ध स्टॉक की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने, नमूने लेने और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) संतोष राय ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान बीज, उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल और जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौजूद रहे।संयुक्त कृषि निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि सामग्री ही उपलब्ध कराई जाए। अनधिकृत रूप से बीज, उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्वों की बिक्री या पैकिंग करने वाले विक्रेताओं, प्रतिष्ठानों और विनिर्माताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में संबंधित स्टाक सीज कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को बिक्री केंद्रों, संयंत्रों और विनिर्माताओं के परिसरों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने को कहा। साथ ही संदिग्ध स्टॉक की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर नमूने लेने और दोषियों को चिह्नित करने के निर्देश दिये, ताकि किसानों को घटिया और अनधिकृत कृषि सामग्री की आपूर्ति पर रोक लगायी जा सके।

दुर्गा पूजा और रामलीला को लेकर पुलिस सतर्क, आयोजकों से किया संवाद

दुर्गा पूजा, दशहरा, रामलीला और दीपावली पर शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए मंगलवार को कैंट क्षेत्र में एसीपी प्रज्ञा पाठक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें करीब ३० दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित चौकियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। एसीपी ने आयोजकों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा। बैठक में कैंट थाना प्रभारी राज किशोर पाण्डेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

शटल एक्सप्रेस में महिला से मंगलसूत्र छिनैती करने वाला शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार, ६० हजार का मंगलसूत्र बरामद

शिवपुर स्टेशन से दो दिन पूर्व शटल एक्सप्रेस में महिला यात्री का मंगलसूत्र छीन कर फरार छिनैत



को जीआरपी, सीआईबी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। जीआरपी ने काररवाई की औपचारिकता पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। जीआरपी प्रभारी रजोल नागर ने बताया कि पकड़ा गया दीपक सोनकर उर्फ दीपू शिवपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों दीपक ने शिवपुर स्टेशन पर शटल एक्सप्रेस में महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र छीन कर भाग गया था। इसके बाद से सीआईबी,जीआरपी और आरपीएफ की टीमें उसकी तलाश में लगी थीं। मंगलवार को दीपक प्लेटफॉर्म नम्बर-९ पर काशी साइड में छात्रावास की तरफ बैठा था। टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मिले मंगलसूत्र की कीमत लगभग ६० हज़ार रुपये है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राम नारायण शुक्ला, सीआईबी के एएसआई राकेश सिंह, कांस्टेबल सतीश यादव, आरपीएफ के हेड कांस्टेबल जीतेंद्र कुमार, कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार शामिल रहे।

ग्राम प्रहरियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित ब्रीफिंग हॉल में उत्तर प्रदेश ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। पुलिस आयुक्त द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु', आयुष विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), हंसराज विश्वकर्मा, राज्य मंत्री (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग), श्रीमती



पूनम मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी, डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, सदस्य विधान परिषद तथा अवधेश कुमार सिंह, विधायक पिण्डरा सहित पुलिस अधिकारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले १४ ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति ६.० के अंतर्गत उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों तथा समाज की तीन सशक्त महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन राजेश पाण्डेय, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्रीमती नीतू, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध/जनसुनवाई विनीत भटनागर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवैध अंग्रेजी शराब बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

बड़ागांव थानाक्षेत्र के गांगकला (भट्ठा) बाजार में अंडे की दुकान पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने एवं पिलाने वाले दुकानदार को बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की शाम गिरफ्तार कर उसके पास से ५५ पाऊच इंग्लिश शराब बरामद किया है। मिली सूचना के आधार पर उप निरीक्षक मनीष कुमार अपने हमराहियों उप निरीक्षक अभय नाथ तिवारी एवं अन्य कांस्टेबलों के साथ उपरोक्त दुकान पर छापा मारकर शराब बेचने एवं पिलाने वाले दुकानदार राजेश गुप्त निवासी गांगकला को गिरफ्तार कर बेचने के लिये रखे गये २४ पीस आफ्टर डार्क एवं आफिसर च्वाइस के ३१ टेट्रा पैक बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है।

एक नजर इधर भी

पायलट बनकर अक्षत यादव ने हासिल की गौरवपूर्ण उपलब्धि, शुभचिंतकों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएँ



करौंदी, बी. एच. यू, वाराणसी क्षेत्र के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है कि अक्षत यादव ने पायलट बनकर अपने परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। बेटे की इस उपलब्धि पर उनके पिता एवं परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अक्षत यादव की इस सफलता को उनके कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम माना जा रहा है। पायलट बनने का सपना साकार करना उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मुकाम तक पहुँचने के लिए निरंतर प्रयास, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। अक्षत ने अपनी उपलब्धि से परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उनके पिता डाक्टर बालरूप यादव, शारीरिक शिक्षा विभाग, काशी विद्यापीठ, वाराणसी एवं माता डाक्टर निशा यादव विभागध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज सुंदरपुर, वाराणसी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बेटे की सफलता उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का क्षण है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनकी संतान अपने जीवन में सफलता प्राप्त करे और अपने लक्ष्य को हासिल करे। उन्होंने कहा कि बेटे की मेहनत और लगन ने परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्हें विश्वास है कि अक्षत भविष्य में भी अपने कार्यक्षेत्र में प्रगति करते हुए सफलता के नये आयाम स्थापित करेंगे। अक्षत यादव के पायलट बनने की खबर से परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में प्रसन्नता है। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर ३८ लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित गिरफ्तार

जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर ३८ लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित को चितईपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार गौतम ने बताया कि पकड़ा गया बिपिन बिहारी श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय सच्चिदा नंद ओम नगर कॉलोनी चितईपुर का निवासी है उसके विरुद्ध धारा-३१८(२), ३१८(४), ३३८, ३३६(३) एवं ६१(२) बीएनएस से संबंधित मुकदमा दर्ज है। उन्होंने बताया- वादी द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि अभियुक्त विपिन बिहारी श्रीवास्तव एवं उसके परिजनों द्वारा वाराणसी स्थित वैष्णव विहार कॉलोनी, चितईपुर क्षेत्र में आवासीय भूखंड दिलाने का आश्वासन देकर वादी से विभिन्न तिथियों में कुल ३८ लाख रुपये प्राप्त किये गये। अभियुक्त द्वारा उक्त भूखंड की रजिस्ट्री वादी अथवा उसके नामित व्यक्ति के पक्ष में कराने का आश्वासन दिया गया, परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो भूखंड की रजिस्ट्री की गयी और न ही वादी की धनराशि वापस की गयी।

बीएचयू में जयप्रकाश नारायण की वैचारिक विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सपनों का भारत अभी निर्मित होना शेष है। इसे साकार करने के लिए जमीनी लोकतंत्र, सर्वोदय, लोकनीति और समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास को प्राथमिकता देनी होगी। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने मंगलवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहीं। बीएचयू के.एन. उपाध्याय सभागार में लोकनायक जयप्रकाश नारायण का पुनर्पाठ : लोकतंत्र, जमीनी जनभागीदारी एवं सतत शांति विषयक सम्मेलन में डॉक्टर पांडेय ने जयप्रकाश नारायण को भारतीय विचार परंपरा का उज्ज्वल नक्षत्र, दूसरी आजादी का नायक तथा लोकनीति का सर्जक बताया। मुख्य वक्ता, लेखिका एवं जयप्रकाश नारायण की जीवनीकार डॉक्टर सुजाता प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र का उद्देश्य जनता का सशक्तिकरण, सामूहिक भागीदारी और सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उनकी वैचारिक विरासत को लोकनीति और अंत्योदय के माध्यम से जनआकांक्षाओं से जोड़कर ही संपूर्ण क्रांति का सपना साकार किया जा सकता है। सम्मेलन में प्रोफेसर प्रियंकर उपाध्याय, प्रोफेसर सुधीर कुमार पटनायक, प्रोफेसर बिजय कुमार बोहिदार, संतोष सिंह और डाक्टर धनंजय राय सहित अन्य ने भी लोकतांत्रिक संस्थाओं, सामाजिक न्याय और नागरिक भागीदारी पर विचार रखे। आयोजन मालवीय सेंटर फॉर पीस रिसर्च एवं यूनेस्को चेयर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय यूनेस्को सहयोग आयोग और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन का संचालन डाक्टर अजय कुमार यादव ने किया।

प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव का भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में सह-अध्येतावृत्ति के लिए चयन

वसंत कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव का भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में शिक्षकों की श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित सह-अध्येतावृत्ति के लिए चयन हुआ है। यह चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में संचालित चलायमान अंतर्विश्वविद्यालय केंद्र की योजना के अंतर्गत किया गया है। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान देश के प्रतिष्ठित बौद्धिक एवं शोध संस्थानों में शामिल है। यहां मानविकी, सामाजिक विज्ञान, दर्शन, संस्कृति और साहित्य सहित विभिन्न ज्ञान-विषयों में गंभीर चिंतन, मौलिक अनुसंधान तथा अंतर्विषयी संवाद को प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसे संस्थान में सह-अध्येतावृत्ति के लिए चयनित होना किसी भी शिक्षाविद् के लिए महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि है।

वाराणसी एयरपोर्ट के १० किलोमीटर दायरे में लेजर लाइट पर प्रतिबंध

बाबतपुर लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, बाबतपुर के आसपास विमानन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में शादी समारोहों और अन्य आयोजनों के दौरान लेजर लाइट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एयरपोर्ट परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में चर्चा की गई। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि एयरपोर्ट के आसपास लेजर लाइट के प्रयोग पर प्रतिबंध है। आगामी दिनों में शादी-विवाह का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में आसपास के मैरिज लॉन और मैरिज हॉल में लेजर लाइट का इस्तेमाल नहीं हो, इसके लिए बैठक कर आवश्यक निर्णय लिया गया है। विमानों के उड़ान भरने और उतरने के दौरान लेजर लाइट की तेज किरणें कॉकपिट तक पहुंचने से पायलटों को परेशानी हो सकती है। इससे उनकी आंखों पर तेज रोशनी का प्रभाव पड़ने के साथ रनवे और आसपास की स्थिति देखने में भी कठिनाई हो सकती है। विमान के उड़ान भरने और लैंडिंग के महत्वपूर्ण समय में इस तरह की बाधा सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा बन सकती है। विमानन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एयरपोर्ट प्रशासन ने स्थानीय लोगों, मैरिज लॉन संचालकों और आयोजकों से प्रतिबंध का पालन करने की अपील की है। प्रशासन का उद्देश्य किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकना और विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना है।

विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ के लिए लिया गया निर्णय, शादी समारोहों और मैरिज लॉन में भी नहीं चलेंगी लेजर लाइटें

एयरपोर्ट टनल निर्माण के लिए एनएच-31 की एक लेन बंद, आज होगा डायवर्जन का ट्रायल

भागीरथी पेट्रोल पंप से द विलेज रिजॉर्ट तक करीब एक किलोमीटर के दायरे में बदलेगी यातायात व्यवस्था

बाबतपुर लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे विस्तारीकरण के लिए निर्माणाधीन टनल के कार्य को गति देने के लिए बाबतपुर-जौनपुर मार्ग (एनएच-31) पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत भागीरथी पेट्रोल पंप से द विलेज रिजॉर्ट तक करीब एक किलोमीटर के दायरे में सड़क की पूर्वी लेन को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन एक ही लेन से कराया जाएगा। यातायात व्यवस्था में बदलाव के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए बुधवार को पुलिस प्रशासन की निगरानी में डायवर्जन का ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के दौरान यातायात संचालन की व्यवस्था परखी जाएगी, ताकि जरूरत के अनुसार कमियों को दूर किया जा सके। एयरपोर्ट के रनवे के विस्तार के लिए टनल का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य रनवे विस्तार के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। निर्माण कार्य के चलते मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में वाहन चालकों को यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने और सावधानीपूर्वक आवागमन करने की जरूरत होगी। प्रशासन की ओर से वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे निर्माण स्थल के आसपास निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और डायवर्जन के दौरान सहयोग करें, जिससे यातायात सुचारु बनाए रखा जा सके।


दुकान में घुसकर पिता-पुत्र पर हमला, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भोजूबीर तिराहे पर सोमवार शाम गद्दे की दुकान में घुसकर लाठी-डंडों से दुकानदार तौफीक अहमद और उनके पिता अकबर अली को पीटकर घायल कर दिए जाने के मामले में तौफीक ने कैंट थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ काररवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, भोजूबीर तिराहा निवासी तौफीक अहमद की गद्दे की दुकान है। आरोप है कि १२ अक्तूबर की शाम साढ़े सात बजे यूपी कॉलेज के पास से बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे लेकर दुकान पर पहुंचे और उनके पिता अकबर अली पर हमला कर दिया। पिता को बचाने के लिए तौफीक आगे आये, तो हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बनाया। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आयीं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कारर्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी

क्षय रोग (TB) के लक्षण

समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरूचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।



क्षय रोग उन्मूलन हेतु

सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)

संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
-: सहयोग :-
आज

KG कन्हैयालाल गुलाबचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अनुपम संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् ग्रह रत्नों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध
चौक (ठठेरी बाजार गली के सामने) वाराणसी फोन: 0542-2390754

चांदी सिल प्रति किलो-	2,25,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा-	2,63,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम-	1,47,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम-	1,38,500/-